फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री हीरा सिंह चौहान पिता स्व. श्री खुमानसिंह जी निवासी बाडिया आतरिया बली जस्साखेड़ा तहसील भीम जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 54/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 16.09..2025	

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये पत्र क्रमांकः– राजस्व/2025/620 दिनांक 25.08.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पुरानी होने से कार्यालय रिकॉर्ड में तलाश किये जाने हेतु 03 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। तथा उपरोक्त गठित कमेटी वांछित सूचना/दस्तावेज की तलाश कर नियमानुसार रिपोर्ट 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करे। तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये पत्र क्रमांकः– सू0अ0,05/2025/645 दिनांक 08.09.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रथम अपील संख्या 53/2025 व 54/2025 द्वारा श्री हीरा सिंह चौहान पिता स्व. श्री खुमानसिंह निवासी बाडिया आंतरिया बली जस्साखेड़ा तहसील भीम द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत वांछित सूचना के संबंध में अपील प्रस्तुत की गयी। उपरोक्त संबंध में श्री हीरासिंह चौहान पिता स्व. श्री खुमानसिंह निवासी बाडिया आंतरिया बली जस्साखेड़ा तहसील भीम दिनांक 04.09.2025 को इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उनके द्वारा दायर अपील संख्या 53/2025 व 54/2025 में किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं चाहता हूँ।

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

सूचना के संबंध में अपीलार्थी श्री हीरासिंह चौहान पिता स्व. श्री खुमानसिंह निवासी बाडिया आंतरिया बली जस्साखेड़ा तहसील भीम द्वारा दिनांक 04.09.2025 को कार्यालय तहसील भीम में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उनके द्वारा दायर अपील संख्या 53/2025 व 54/2025 में किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं चाहता हूँ।

अतः अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना के संबंध में उक्त अपील में कोई कार्यवाही नही चाहने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर
(राज.)